खेदामारा निवासी बलराम साहू आवश्यक कार्य के लिए पहुंचे थे भिलाई, रोड एक्सीडेंट में हाथ पैर में आई चोट, मोबाइल मेडिकल यूनिट में तुरंत उपचार से मिली राहत

भिलाई नगर/ संकट की घड़ी में किस प्रकार से एक दूसरे के सहायक होते हैं इसका उदाहरण आज देखने को मिला! जहां एक ओर कोरोनावायरस के संक्रमण दौर है! वही मोबाइल मेडिकल यूनिट अपनी निरंतर सेवा दे रहा है! खेदामारा के रहने वाले 39 वर्ष के बलराम साहू जो कि ग्रामीण क्षेत्र से हैं! भिलाई में कुछ आवश्यक कार्य से पहुंचे थे! जब रास्ते से गुजर रहे थे तब उसी बीच आईटीआई के पास एक दुपहिया वाहन से उनके वाहन की टक्कर हो गई , जिससे बलराम को हाथ और पैर में चोट लग गई! वहीं से निगम के कुछ कर्मचारी भी रास्ते से जा रहे थे, जिन्होंने घायल होने के नाते श्री साहू की मदद की! वार्ड क्रमांक 28 के सुपरवाइजर अरविंद जायसवाल एवं राम वालिया , अब्दुल निशान एवं शिव नारायण कुशवाहा ने बलराम साहू की स्थिति को देखते हुए उन्हें उपचार के लिए नजदीकी स्थल के वार्ड क्रमांक 35 चंद्रशेखर आजाद नगर के एनपीआर रोड में स्थित शिवालय प्रांगण में आज संचालित हुए मोबाइल मेडिकल यूनिट के स्वास्थ्य शिविर में लेकर पहुंचे! वहां पर सर्वप्रथम बलराम साहू को डॉ अनु दुबे एवं नर्सिंग स्टाफ विमला टंडन ने हाथ और पैर में मरहम पट्टी किया साथ ही टिटनेस का इंजेक्शन भी लगाया! इस दौरान एरिया प्रोजेक्ट मैनेजर अश्विनी जांगड़े भी मौजूद रही! बलराम को प्राथमिक उपचार से राहत मिली तथा मोबाइल मेडिकल यूनिट की स्वास्थ्य टीम ने उन्हें दवाई उपलब्ध कराई! यही नहीं निगम कर्मियों ने उनको घर तक पहुंचाने में मदद की! बलराम साहू ने चर्चा में बताया कि लॉकडाउन की स्थिति में मुझे मोबाइल मेडिकल यूनिट से तुरंत उपचार मिला , निगम कर्मियों की सूझबूझ से फौरन मोबाइल मेडिकल यूनिट के स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंच पाया! दवाइयां भी मिली, उपचार भी हुआ! एक्सीडेंट होने के बाद एक पल के लिए लगा कि अब क्या करूं , परंतु निगम कर्मियों के सहयोग व मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना की मोबाइल मेडिकल यूनिट से बेहतर उपचार प्राप्त हुआ है! मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से स्वास्थ्य शिविर का कैंप लगाकर लोगों का इलाज किया जा रहा है! इससे लोगों को बड़ी राहत मिल रही है!